तापमान
अधिकतम 27.6 डिग्री
न्यूनतम 14.1 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 4 दिसंबर 2025


तिफरा के पुराने ओवरब्रिज की सड़क पर गड्ढा हो गया है।




### राज्यपाल सहित मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री भी करेंगे शिरकत

# अटल यूनिवर्सिटी का छठवां दीक्षांत समारोह आज, शामिल होंगे पूर्व राष्ट्रपति कोविंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी का छठवां दीक्षांत समारोह गुरुवार को होने जा रहा है। इस दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद दीक्षांत भाषण देंगे। पूर्व राष्ट्रपति श्री कोविंद बुधवार को राजधानी रायपुर पहुंच गए हैं। दीक्षांत समारोह में प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका सहित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरूण साव व उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा भी शिरकत करेंगे।

अटल यूनिवर्सिटी में आज दीक्षांत समारोह का रिहर्सल हुआ, जिसमें पीएचडी उपाधि प्राप्त करने वाले शोधार्थियों समेत गोल्ड मेडल पाने वाले


दीक्षांत समारोह की हुई रिहर्सल

टापर विद्यार्थी शामिल हुए। अटल यूनिवर्सिटी का यह छठवां दीक्षांत समारोह है जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद होंगे। श्री कोविंद आज राजधानी रायपुर पहुंच गए हैं, जहां स्वामी विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा, यूनिवर्सिटी कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी, पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. वीके सारस्वत, परीक्षा नियंत्रक डॉ. तरूणधर दीवान एवं राज्य शासन के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। दीक्षांत समारोह सुबह करीब 10.30 बजे शुरू होगा। इस दीक्षांत समारोह में 63 विद्यार्थियों को 92 गोल्ड मेडल प्रदान किए जाएंगे, जिसमें 29 दानदाताओं के मेडल शामिल हैं। गोल्ड मेडल पाने वालों में 14 छात्र एवं 49 छात्राएं शामिल हैं। इसी तरह 64 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जाएगी। दीक्षांत समारोह में मंच से 36 हजार 950 विद्यार्थियों के डिग्री की घोषणा की जाएगी।

# सुधार का काम पूरा, आज से शहर को मिलने लगेगा खारंग का पानी

**बिलासपुर।** खारंग की क्षतिग्रस्त हो चुकी नहरों का काम पूरा कर लिया गया है। गुरूवार से शहरवासियों को अमृत मिशन के अंतर्गत खारंग का पानी निस्तारी के लिए मिलने लगेगा। सिंचाई विभाग द्वारा नहर के पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके 45 मीटर हिस्से की नए सिरे से लाइनिंग के लिए नगर निगम से पंद्रह दिनों का समय लिया गया था, लेकिन चौदह दिनों में ही काम पूरे कर सप्लाई यथावत कर दी गई।

- खारंग की नहरों में नए सिरे से की गई लाइनिंग



खारंग की नहरों में बड़े-बड़े होल होने के कारण पानी के अपव्यय को ध्यान में रखते हुए सिंचाई विभाग द्वारा नहरों की नए सिरे से लाइनिंग का निर्णय लिया गया था। इसके अंतर्गत विभाग द्वारा 23 नवंबर से अमृत मिशन के अंतर्गत शहरवासियों को दिए जा रहे पानी की सप्लाई पंद्रह दिनों के लिए रोक दी गई थी। नहर का लगभग 45 मीटर हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका था, जिससे यहां सुधार न करते हुए सीधे नए सिरे से लाईनिंग की गई। बुधवार को लाईनिंग का काम पूरा किया जा चुका है, जिससे अब गुरूवार से शहर को सप्लाई मिलने लगेगी।

लगातार पंद्रह दिनों तक नहर में काम चलने के कारण फिलहाल नहर में मिट्टी, मटैरियल एवं गाद जैसे अपशिष्ट पदार्थों का भी जमाव हो गया है। चूंकि शहर को दी जाने वाली सप्लाई निस्तारी के लिए है, जिससे पानी का स्वच्छ होना जरूरी है। यही कारण है कि सिंचाई विभाग द्वारा नहर में सप्लाई तो गुरूवार सुबह आठ बजे से प्रारंभ कर दी जाएगी, लेकिन कुछ घंटे पानी नहर में व्यर्थ ही बहने दिया जाएगा, ताकि गंदा पानी बहकर निकल जाए। इसके बाद नगर निगम की सूचना के आधार पर शहर के लिए सप्लाई प्रारंभ कर दी जाएगी।

### पूरा कर लिया गया काम

नहर के 45 मीटर हिस्से में नए सिरे से लाइनिंग के लिए नगर निगम से पंद्रह दिनों का समय मांगा गया था। चौदह दिनों में ही कार्य पूर्ण किया जा चुका है। गुरूवार से शहर को खारंग से सप्लाई प्रारंभ हो जाएगी।

**- पीएन श्रीवास्तव** एसडीओ खारंग डिवीजन

हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

# सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 371. मेश पटेल पिता\पति ईश्वर पटेल पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 372. हेमांगी शांडिल्य पिता\पति अमृत शांडिल्य पता– रायपुर, 373. हरिशंकर चंद्राकर पिता\पति स्व. फूलसिंह चंद्राकर पता- सुन्दर नगर रायपुर, 374. रूप राम साहू पिता\पति चैन सिंह साहू पता - बोरिया खुर्द रायपुर, 375. मिथलेश आडिल पिता\पति अजीत राम आडिल पता- राम नगर चंगोरा भाठा रायपुर, 376. रूपराम देवांगन पिता\पति घसिया राम देवांगन पता- मथपुरेना रायपुर, 377. सृष्टि चंद्राकर पिता\पति देवेन्द्र कुमार चंद्राकर पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 378. जितेश कुमार देवांगन पिता\पति बलदेव देवांगन पता- शहीद भगत सिंह चौक टिकरापारा रायपुर, 379. एशिता सेन पिता\पति जितेन्द्र सेन पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 380. त्रिशा सिन्हा पिता\पति पदमलोचन सिन्हा पता- मोहंदा तरपोंगी रायपुर, 381. अनन्या साहु पिता\पति रोशन लाल साहु पता- सरकडा पोस्ट पांडुका, 382. देवानंद साहू पिता\पति महेतरू राम साहू पता- दहदहा धमतरी, 383. लता बाई साहू पिता\पति सनत राम साहू पता- बकली कुरूद धमतरी, 384. सैय्यद मख्मूद अली पिता\पति सैय्यद महमूद अली पता- सिहावा चौक धमतरी, 385. थानेखर सिन्हा पिता\पति राम कुमार सिन्हा पता- भोथिपार खुर्द नयापारा राजनादगांव, 386. पशुपति नाथ ताम्रकार पिता\पति स्व. शंकर लाल ताम्रकार पता- गैंदाटोला राजनादगांव, 387. सुनीता सोनी पिता\पति राकेश कुमार सोनी पता- सोनार पारा राजनादगांव, 388. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता- बेमेतरा, 389. झामिन देवांगन पिता\पति हरीश कुमार देवांगन पता- सरगपाल कांकेर, 390. ईश्वर चंद खिस्ती पिता\पति स्व. सूर्यकान्त खिस्ती पता- चितौद पुरुर धमतरी, 391. सरिता राव पिता\पति M.G. राव पता- नयापारा जगदलपुर, 392. राजेंद्र सिदार पिता\पति वासुदेव सिदार पता- अयोध्या नगर महासमुंद, 393. बेला शर्मा पिता\पति विजय कुमार शर्मा पता- AH\34 कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा, 394. कुंदन वर्मा पिता\पति भेलेंद्र कुमार वर्मा पता- अर्जुनी, 395.मिथलेश ठाकुर पिता\पति लक्ष्मा ठाकुर पता- डी.एन. के. कोंडागांव, 396. हर्षित टंडन पिता\पति द्वारिका प्रसाद पता- क्वा.2/C 15 जोन- 1 खुर्सीपार, 397. निर्मल सिंह पिता\पति स्व.तेजा सिंह पता- Q.N.-90/Jकैंप -01 भिलाई, 398. केशव दास साहू पिता\पति दानी राम साहू पता-वार्ड न.-27 सुभाष नगर खुर्सीपार भिलाई, 399. खिलेश देवांगन पिता\पति चैत लाल देवांगन पता- क्वा. न. 5\H जोन-01 खुर्सीपार भिलाई, 400. अन्नपूर्णा साहू पिता\पति तुला राम साहू पता-रामनगर भिलाई, 401. चैतन्य साहू पिता\पति तेजप्रकाश साहू पता-अंजोरा दुर्ग, 402. रेखचंद ठाकुर पिता\पति रोमन ठाकुर पता- गनियारी दुर्ग, 403. सतीश देवांगन पिता\पति स्व.जीवन लाल देवांगन पता- कोष्टा पारा देवांगन, 404. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 405. समय लाल साहू पिता\पति नजऊ राम साहू पता-पुरनी बस्ती पोटियाकला दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 406. नारायण कुमार सोनी पिता/पति -महेंद्र कुमार सोनी पता– बड़ौदा, 407. दिनेश देवांगन पिता/पति लखन लाल देवांगन पता- मेन रोड गांधी चौक सिवनी चांपा, 408. अननिया शराफ़ पिता/पति यशवंत शराफ़ पता– बलौदा, 409. महेंद्र कुमार सोनी पिता/पति शिव कुमार सोनी पता- बलौदा सोनरपारा, 410. अखिलेश्वर प्रसाद पिता/पति स्व. रेशम लाल पता- पौना जांजगीर, 411. अरुण कुमार यादव पिता/पति प्रकाश चंद यादव पता- खोखासा वार्ड- 4 जांजगीर, 412. रामेश्वर कुमार सूर्यवंशी पिता/पति पीसोद जांजगीर, 413. विकेश यादव पिता/पति रघुलाल यादव पता- पुरानी बस्ती नैला वार्ड-4, 414. पीयूस यादव पिता/पति तिवारी पारा खरौद नगर जांजगीर रायगढ़ जिला 415. रूप दर्शन पिता/पति अजय कुमार दर्शन पता- केलो विहार कालोनी, 416. ललित गुप्ता पिता/पति श्याम चंद्र गुप्ता पता- कंसबेल 417. लालिमा चौहान पिता/पति जीवरधन चौहान पता- बेलाडुल खररघाट, 418. जीवर्धन प्रसाद चौहान पिता/पति स्व. सुकमुना चौहान पता- बेलाडुल रायगढ़ 419. श्याम सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. अमरनाथ सिंह ठाकुर पता- दारोगपारा रायगढ़ मुंगेली जिला, 420. प्रिया तंबोली पिता/पति मनीष तंबोली पता- शिक्षक नगर आंबेडकर वार्ड मुंगेली 421. श्रृंखला शर्मा पिता/पति चंद्रशेखर शर्मा पता- मुंगेली, 422. डॉली श्रीवास पिता/पति कमलेश श्रीवास पता- अग्रसेन वार्ड, 423. संतोष कुमार पाठक पिता/पति स्व. सलिक राम पाठक पता- मुंगेली, 424. अक्षय कुमार देवांगन पिता/पति राजेश देवांगन पता- पड़ाव पारा मुंगेली, 425. रितिका देवांगन पिता/पति बसंत देवांगन पता- आंबेड़कर वार्ड मुंगेली, 426. धीरज बांध पिता/पति संदीप बांध पता- मिशन कम्पाउन्ड मुंगेली, 427. दिवांश पटेल पिता /पति वार्ड-1 सूरदा देवरी, 428. आंचल पटेल पिता/पति वार्ड-1 सड़क पारा सूरदा देवरी मुंगेली, **भोपाल संस्करण -** 429. अंशुल सेन पिता\पति विनोद सेन पता- ई-6 जनता कॉलोनी अरेरा कॉलोनी, 430. पूजा सेन पिता\पति विनोद सेनशाहपुरा, 431. रोशन रैकवार पिता\पति विमल रैकवार पता- 21 श्याम नगरभोपाल, 432 .दिनेश कुमार पटेल पिता\पति रामसलोने पता-पटेलशॉप 18 मेट्रो वॉक विटटन मार्केट, 433. रवि कुमार पाण्डेय पिता\पति किशन पाण्डेय पता-विश्वकर्मा नगर, 434. नीरज चौबे पता- विदिशा पेढ़ी स्कूल के पास, 435. रानी कुशवाह पिता\पति सुनील कुशवाह पता- विदिशा, 436. आदित्य सक्सेना पिता\पति मनोज सक्सेना पता- मकान नं.115 फेस-3 अरिंहंत विहार विदिशा, **जबलपुर संस्करण** 437. नरेंद्र कुमार जैन पिता\पति स्वर्गी कोमल चंद्र जैन गोल बाजार जबलपुर, 438. प्रेमा नारायण पिता\पति बसु देव संजय गांधी नगर कटंगा जबलपुर, 439. अंश सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- 970 मंजू पर्थ दीक्षित पूरा उपरैनगंज डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड जबलपुर, 440. प्रिथम नायक पिता\पति प्रदीप नायक पता- नेहरू वार्ड क्रमांक 8 पाटन, 441. सुजीत कुमार द्विवेदी पिता\पति श्री रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 अनूपपुर, 442. जितेंद्र गौतम पिता\पति स्वर्गीय बाला प्रसाद गौतम अनूपपुर कोतमा, 443. आरती गुप्ता पिता\पति अभिनेश गुप्ता वार्ड नंबर 6 पुरानी बस्ती कोतमा, 444. अर्चित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे कोतमा।

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**



## खबर संक्षेप

### 31 तक किया जाएगा रबी की फसलों का बीमा

**मुंगेली।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत रबी वर्ष 2025-26 अंतर्गत रबी फसलों चना, अलसी, गेहूं सिचिंत व असिचिंत एवं राई-सरसों के लिए बीमा हेतु अंतिम तिथि 31 दिसंबर तक निर्धारित की गई है। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि कृषकों को बीमा के लिए 1.5 प्रतिशत प्रीमियम राशि जमा करना होगा, इनमें चना के लिए 480 रूपए, अलसी के लिए 270 रूपए, गेहूं सिचिंत के लिए 450 रूपए, गेहूं असिचिंत के लिए 375 रूपए, राई–सरसों के लिए 330 रूपए प्रति हेक्टेयर की राशि जमा करना होगा। अधिसूचित फसल की बीमा के लिए अऋणी कृषकों को फसल बुआई या फसल बोने के आशय के प्रमाण पत्र के साथ स्व घोषणा पत्र, बी-1, पी-2, नवीनतम आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक छायाप्रति जमा करना होगा। किसान बैंक शाखा, सहकारी समिति, लोक सेवा केन्द्र और भारत सरकार के बीमा पोर्टल के माध्यम से बीमा करा सकते हैं।

### जिला भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी बने अशोक

**पथरिया।** मुंगेली भाजपा सोशल मीडिया



के जिला प्रभारी के पद पर अशोक निर्मलकर को एर बार फिर से नियुक्ति दिया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक की अनुशंसा और वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में की गई है। अशोक निर्मलकर लंबे समय से भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप से कई पदों का निर्वहन कर चुके हैं।

### शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने पर बीएलओ को सम्मान



**बोदरी।** शत प्रतिशत विशेष गहन पुनरीक्षण का काम का पूर्ण करने पर नगरपालिका कार्यालय बोदरी में बीएलओ पूनम तिवारी बूथ क्रमांक 201, प्रभा साहू 212 को बिल्हा एसडीएम आकांक्षा त्रिपाठी के द्वारा पुष्पगुच्छ दे कर सम्मानित किया गया। इस मौको पर बोदरी तहसीलदार संदीप साय, सीएमओ भारती साहू, रजनीश पांडेय विधायक प्रतिनिधि, उपाध्यक्ष शिमला वर्मा, मुकेश वाधवानी पार्षद, अशोक जोतवानी सहित अलग बूथ के बीएलओ उपस्थित थे।

### सकरी जोन में 4 करोड़ 31 लाख के विकास कार्य स्वीकृति

**सकरी।** तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह की मांग पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सकरी जोन नगर निगम क्षेत्र के चार वार्डो में विकास कार्य के लिए 4 करोड़ 31 लाख 41 हजार राशि स्वीकृत की है। इन कार्यों की स्वीकृति पर विधायक धर्मजीत सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया है। सकरी जोन अध्यक्ष दिलीप कोरी, पार्षद कुसुम महाबली कोसले, किरण राजेंद्र टंडन, मंडल अध्यक्ष रवि मेहर एवं मंडल महामंत्री धात्री गुप्ता ने इन कार्यों की स्वीकृति को क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने के लिए विधायक धर्मजीत सिंह का भगीरथ प्रयास बताया है।

## निधन

### आशा श्रीवास्तव

बिलासपुर। चांटीडीह निवासी आशा



श्रीवास्तव का 3 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 4 दिसंबर को सुबह 11 बजे उनके निवास चांटीडीह पठान मोहल्ला से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे लक्ष्मी नारायण श्रीवास्तव की पत्नी, राजेश, योगेश, मुकेश, गणेश तथा हरीश श्रीवास्तव की माता थीं।

### श्रीमती देवमती

बिलासपुर। ग्राम सीपत निवासी



श्रीमती देवमती का निधन हो गया। वे 85 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार ग्राम पौसरा में किया गया। वे सरस्वती की माता एवं मनीराम सूर्यवंशी की सासू मां थीं।

### कृष्णाकांत केसरी

बिलासपुर। दयालबंद निवासी



कृष्णकांत केसरी का 3 दिसम्बर को निधन हो गया। वे 65 वर्ष के थे। जिनका अंतिम संस्कार 4 दिसंबर को दोपहर 12 बजे दयालबंद मधुबंद मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे महेंद्र केसरी, सुरेंद्र केसरी के पिता थे।

## फसल सहित घरों को किया क्षतिग्रस्त, लोगों में भय

# एटीआर में हाथियों के दल ने मचाया उत्पात

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

एटीआर के जंगलों में चार हाथियों के दल ने बस्ती में घुसकर लोगों घरों में रखी राशन सामग्रियों को चट कर जमकर उत्पात मचाया। विभाग ग्रामीणों के घरों की आर्थिक क्षति का आकंलन कर मुवायजा प्रकरण तैयार करने में जुट गया है।

जानकारी के अनुसार अचानकमार टाइगर रिजर्व के सुरही वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम बहमनी में मंगलवार की देर रात चार हाथियों के दल ने एक बैगा परिवार के घर में घुसकर राशन सामग्रियों को चट कर गए एवं घरों को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों ये बताया कि, उनके आवश्यक दस्तावेजों को भी हाथियों ने अपना आहार बना लिया। ग्रामीणों कहा कि हाथियों के झुंड की आवाज सुनकर लोग घबरा कर जान बचाने घर से बाहर निकल गए। कड़ी मशक्कत के बाद पड़ोसियों की मदद से हाथियों को भगाया गया।

ग्रामीणों ने बताया कि, धान की कटाई-मिसाई का सीजन होने के कारण आज-कल जंगली हाथियों के दल सुरही, छपरवा, लमनी क्षेत्र के कोर क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। दल दिन भर सुदूर जंगलों के अंदर रहते हैं, लेकिन शाम ढलते ही गांव के नजदीक आकर फसलों एवं घरों को नुकशान पहुंचा देते हैं। इससे इससे ग्रामीणों में भय व्याप्त है एवं देर रात तक ग्रामीण घरों के बाहर अलाव जलाकर अपने खेतों एवं घरों की रखवाली करने में लगे है। 3 दिसम्बर को प्रातः 3 से 5 बजे के बीच ग्राम बम्हनी में 4 हाथियों के दल ने अत्यन्त पिछड़ी जनजाति बैगा परिवार के 3 घरों को नुकसान पहुंचाया। 2 घरों को तोड़कर घर पर रखा अनाज, धान एवं कम्बल को खा लिया। एक घर में लगे केले के पौधे को तोड़कर हाथियों ने खा लिया। इधर सुरही रेंज के वन अधिकारियों ने हाथियों के उत्पात से हुई आर्थिक क्षति का सर्वे करने घटना स्थल पहुंचे एवं ग्रामीणों के घरों का आर्थिक क्षति का प्रकरण तैयार किया।



क्षतिग्रस्त मकान के सामने खड़ी महिला व बालिका।

### टीम भेजी गई

हाथी के उत्पात मचाने की तस्दीक के लिए जंगल में टीम गई है,जो जांच कर कार्यवाही करेगी।

**-यूआर गणेश,** डीएफओ

### सागौन का लट्ठा, आरा मशीन जब्त

वन विभाग की टीम ने ग्राम सारधा में दबिश देकर अवैध रूप से रखे सागौन के 11 नग इमारती लठ्ठा सहित आरा मशीन जब्त कर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की। वनपरिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि वन मंडल अधिकारी अभिनव कुमार के निर्देशन एवं एसडीओ दशांश सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में बुधवार की सुबह वन विभाग की टीम ने ग्राम सारधा में संचालित राहुल फर्नीचर मार्ट में दबिश देकर अवैध रूप से रखे सागौन के 11 नग लठ्ठे 1.394 5 मी एवं आरा मशीन को जप्त कर लिया। वन अधिकारी ने बताया कि, आरोपी गांव में अवैध रूप से मिनी आरा मशीन संचालित कर रहा था एवं इसकी आड़ में अवैध रूप से लकड़ी का सामान बनाकर बिक्री करने की शिकायत मिली थी, जिस पर कर्रवाई की गई। क्रिस्टोफर कुजूर, वनपरिक्षेत्र धिकारी ने कहा कि भविष्य में इस तरह की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी, जिससे वन माफिया पर अंकुश लगाया जा सके।



# कलेक्टर ने की योजनाओं गतिविधियों की समीक्षा

■ बीएमओ को नोटिस जारी करने, डीपीओ की सैलरी रोकने के निर्देश

**मुंगेली।** जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं और गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की और बेहतर प्रगति लाने निर्देशित किया। उन्होंने निवार्चन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे गहन पुनरीक्षण अभियान के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि, एसआईआर को जितनी बेहतर तरीके से पूरा किया जाएगा, उतनी ही कम दावा-आपत्तियां प्राप्त होंगी। इसलिए सभी टीमें इसे अत्यंत गंभीरता और पारदर्शिता के साथ संपादित करें। इसके लिए हर स्तर पर सतर्कता बरती जाए।

कलेक्टर ने एसआईआर अंतर्गत मैपिंग, कार्ययोजना और अन्य तकनीकी पहलुओं की प्रगति पर भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि, कोई भी मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया से न छूटे, इसके लिए विशेष प्रयास करें। उन्होंने एसआईआर में बेहतर प्रगति के लिए सेक्टर अधिकारियों के कार्यों की सराहना की और तकनीकी दल के सदस्यों को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशंसा की। कलेक्टर ने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कृषक पंजीयन, धान उपार्जन और निगरानी व्यवस्था आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि, धान रिसाइकलिंग किसी भी स्थिति में न हो, इसके लिए उपार्जन केंद्रों से लेकर परिवहन मार्ग तक सख्त निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि, अवैध धान खपाने वाले कोचियों और बिचौलियों पर विशेष निगरानी रखते हुए छापामार कार्रवाई करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि, कोई भी किसान किसी दूसरे किसान के रकबे का धान न बेच सके, इसकी कड़ी मॉनिटरिंग अनिवार्य है। वनांचल क्षेत्रों में अवैध धान की आवाजाही रोकने के लिए बैरियर्स पर सतर्क निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने धान विक्रय के साथ-साथ रकबा समर्पण की विभागवार समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र में किसानों की औसत उत्पादकता, रकबा समर्पण और उपार्जन से संबंधित डेटा अद्यतन रखने के निर्देश दिए।

# गौधाम संचालन को लेकर बैठक व्यवस्था पर विचार-विमर्श

**मस्तूरी।** स्थानीय जनपद पंचायत सभा कक्ष में बुधवार को गौ सेवा आयोग के जिला अध्यक्ष धीरेन्द्र दुबे की अध्यक्षता में गौधाम संचालन को लेकर ब्लॉक के सरपंच, सचिव सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गौधाम के लिए चिन्हांकित ग्राम पंचायत की व्यवस्था को लेकर विचार-विमर्श किया गया।




बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेआर भगत, गौ सेवा आयोग के विखं स्तरीय अध्यक्ष पूर्णेन्द्र शर्मा, सदस्य सौमित्र शुक्ला, पशु चिकित्सा विभाग डॉ चौरसिया, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एके आहिरे सहित 60 ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव उपस्थित रहे। विकासखंड के ग्राम पंचायत लावर, वेद परसदा, चिल्हाटी, किरारी, जोंधरा, पाराघाट, धनिया, खाड़ा, रिसदा, गुड़ी में गौधाम संचालन होना है। इनमें से अभी तक ओखर, पाराघाट, कनाई जैतपुर से प्राप्त आवेदनों को स्वीकृति हेतु प्रस्तावित किया जा चुका है, शीघ्र ही कार्य आदेश जारी किया जाएगा। इसके लिए सरपंच, सचिव को निर्देशित किया गया है कि, गौधाम संचालन के लिए पैरादान करने अभियान चला कर पैरा एकत्र किया जाए, साथ ही किसानों को पराली जलाने पर रोक लगाने गांव में मुनादी कराई जाए। साथ ही पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि, सभी ग्रामों में गौधन को टैगिंग की जाए, और मालिकों के नाम की पंचायत वार रजिस्टर पंजी तैयार की जाए। साथ ही किसानों को जानकारी दिया जाए कि, पशु को यत्र-तत्र न छोड़ें, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। पैरादान करने प्रति गौधाम के लिए नजदीकी पांच पंचायतों का क्लस्टर बनवाया गया है, ताकि परिवहन पर ज्यादा व्यय न हो, और अधिक मात्रा में चारे की व्यवस्था हो सके।

# संकुल केंद्र डोंगरिया में प्रधान पाठकों की बैठक

**लोरमी।** संकूल प्राचार्य सुरेश शुक्ला द्वारा संकुल केंद्र डोंगरिया में प्रधान पाठकों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई, जिसमें कलेक्टर के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करने निर्देशित किया गया।

उन्होंने पाठ्यक्रम पूर्णता प्रमाण पत्र, शिक्षक डायरी प्रतिदिन संधारित करने, यू डाइस प्लस एमबीयू अपडेट नहीं होने वाले बच्चों की जानकारी देने, अपार आईडी नहीं बन पाने वाले बच्चों की जानकारी कारण सहित देने, प्रतिदिन एमडीएम की एंट्री करने, मासिक मूल्यांकन एवं तिमाही परीक्षा परिणाम की जानकारी देने, एफएलएन की तैयारी करने आदि के संबंध में दिशा निर्देश दिए। तत्पश्चात पदोन्नति प्राप्त प्राचार्य सुरेश शुक्ला का स्वागत समारोह आयोजित किया गया, जिसमें संकुल के सभी शालाओं के प्रधान पाठक उपस्थित रहे। सभी ने श्री शुक्ला का श्रीफल, पेन एवं बुके भेंट कर स्वागत किया। श्री शुक्ला ने कहा कि, सभी शिक्षक अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी के साथ करें, जिससे हमारा संकुल सबसे आगे रहे। इस अवसर पर प्रधान पाठक अरविंद साहू, संकूल समन्वयक राजेश कुंभकार, कृष्ण कुमार सोनी, मनीराम पात्र, सुशीला बघेल, रामप्रसाद साहू, काशी राम डडसेना आदि उपस्थित थे।








# शैक्षणिक भ्रमण के बच्चों ने किया मां शारदा का दर्शन

**लोरमी।** ग्राम बंधवा स्कूल के वर्तमान शैक्षणिक सत्र में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान प्राकृतिक के गोद में बसे प्राचीन धर्म ग्रंथो में उल्लेखित शारदा मंदिर मैहर का दर्शन कराया गया। यह मंदिर विंध्य पर्वत श्रृंखला के त्रिकूट पर्वत पर स्थित एक शक्तिपीठ है, जहां मां शारदा की पूजा होती है।

मान्यता के अनुसार सुबह मंदिर खुलने पर मां के चरणों में जल और फूल चढ़ा हुआ मिलता है, जिसे वीर आल्हा द्वारा मां की पहली पूजा का प्रमाण माना जाता है। इ मौके पर बच्चों को मैहर शारदा माता मंदिर, रामपुर, आल्हा तालाब, आल्हा अखाड़ा, इच्छापूर्ति मंदिर, मढ़ी सीता मंदिर, सोन नदी इत्यादि दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर प्राचार्य सीएस कोशले, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी गोविंदा नवरंग, शिक्षक वीरेंद्र साहू, गजेंद्र गर्ग, वीरेंद्र मानकर, राजीव कोशले, मासूम कोशले, काजल टोंडे, हेमलता भास्कर, अनीता पात्रे, सकीना कुर्रे, अभिषेक सहित छात्र-छात्राएं चंद्रशेखर बंजारे, ज्योति जांगड़े, रंजिता खांडे, सिमरन नेताम, जॉन्सी भास्कर, आलिया नवरंग, दिव्या रात्रे, तारिका नवरंग, प्रीति मरावी, सुमन साकत, आशीष दिवाकर, दीपक सिंह ठाकुर, संजू पात्रे, सचिन कोशले, प्रिंस निखिल राज, रेहान जांगड़े, भावेश नवरंग, नवीन कुमार, निर्भय, आकाश, डिप्लेश, वसुराज, लूसेन, पायल, रीमा, किरण, करीना, ज्ञानेश्वरी, प्रियंका, झरना, मनीषा, खुशी यादव, सरोजबाला, पूनम, पूजा, मिनम, अर्जुन, संजय, अर्पित, समीर, समीर, साहिल, धनंजय, देविका, संजू साहू, निकेश गर्ग, रंजिता साहू, दीपिका साहू, धर्मजीत पंत, गेंदलाल आदि मौजूद रहे।

### उद्यानिकी कॉलेज हथनी में ऑयल पाम का रोपण

**बिल्हा।** उद्यानिकी महाविद्यालय में राष्ट्रीय मिशन ऑन एडिबल ऑयल-ऑयल पाम के अंतर्गत 26 हेक्टेयर भूमि क्षेत्र में ऑयल पाम का रोपण किया गया है। यह पहल तेल उत्पादन बढ़ाने, किसानों को उच्च आय स्रोत उपलब्ध कराने तथा क्षेत्र में बागवानी आधारित कृषि प्रणाली को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ऑयल पाम के रोपण के साथ-साथ हल्दी की अंतरवर्तीय फसल भी शुरू की गई है, जिससे भूमि का अधिकतम उपयोग, अतिरिक्त आय और सतत कृषि पद्धति को बढ़ावा मिलेगा। अंतरवर्तीय फसल के रूप में हल्दी चयनित करने से किसानों को अल्पकालिक आय के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता सुधारने में भी मदद मिलेगी। इस पूरे योजना का संचालन अधिष्ठाता डॉ तोरन लाल साहू के मार्गदर्शन में किया गया। डॉ साहू ने बताया कि, ऑयल पाम जैसी दीर्घकालिक वाणिज्यिक फसलें किसानों को स्थायी आय प्रदान कर सकती हैं। साथ ही हल्दी जैसी फसलों के अंतरवर्तन से क्षेत्र की कृषि विविधता में वृद्धि होगी और किसानों को दोहरी आमदनी प्राप्त होगी। उन्होंने यह भी कहा कि, हथनी फार्म में किए गए इस रोपण मॉडल को भविष्य में किसानों के लिए एक प्रदर्शन इकाई के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के कृषक अधिक वैज्ञानिक और लाभकारी तरीके से ऑयल पाम की खेती अपना सकें।

### अंतराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर सरनापारा में आयोजित हुए कार्यक्रम

**कोरबा।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिले के दूरस्थ वनाँचल ग्राम शासकीय प्राथमिक शाला सरनापारा, संकुल सिमगा, विकासखण्ड पोड़ीउपरोड़ा में दिव्यांग बच्चों के प्रोत्साहन एवं शैक्षणिक उन्नति के लिए शाला विकास समिति के अध्यक्ष जय कुमार सिदार के मुख्य आतिथ्य तथा संकुल प्राचार्य सतीश प्रकाश सिंह की उपस्थिति में खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य सतीश प्रकाश सिंह ने दिव्यांग बच्चों के पालकों तथा ग्रामवासियों को शासन द्वारा दिव्यांग बच्चों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं के बारें में बताया तथा शासन की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए कहा। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों, प्रधान पाठकों तथा संकुल समन्वयकों को दिव्यांग बच्चों की शिक्षा में विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किए।



हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 4 दिसंबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




वैंकेसी

## असिस्टेंट प्रोफेसर पदों पर भर्ती के लिए अंतिम तिथि 24 तक

**बिलासपुर।** महाविद्यालय (चिकित्सा शिक्षा विभाग) के रिक्त पदों पर भर्ती हो रही है। भर्ती के लिए आवेदन स्टार्ट हो चुके हैं जो निर्धारित अंतिम तिथि 24 दिसंबर 2025 तक जारी रहेंगे। जो भी अभ्यर्थी इस भर्ती के लिए पात्रता पूरी करे हैं वे इसमें शामिल होने के लिए ऑनलाइन माध्यम से सीजीपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किये जायेंगे। 1 जनवरी 2025 को ध्यान में रखते हुए अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 25 साल से कम और 40 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आरक्षित श्रेणी से आने वाले अभ्यर्थियों को ऊपरी उम्र में नियमानुसार छूट दी जाएगी।




### एप्लिकेशन प्रोसेस

इस भर्ती में आवेदन के लिए सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट करें। पहले रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करके मांगी गई डिटेल भरकर पंजीकरण कर लेना है। रजिस्ट्रेशन होने के बाद लॉग इन के माध्यम से अन्य डिटेल दर्ज करके फॉर्म भर लें।अब केटेगरी के अनुसार निर्धारित फीस जमा करके फॉर्म को सबमिट कर दें। आवेदन का एक प्रिंटआउट निकालकर अपने पास सुरक्षित रख लें।

# विद्यार्थियों को स्टार्टअप एवं मेक इन इंडिया के माध्यम से रोजगार के नए अवसर मिल रहे





सीएमडी विज्ञान अनुसंधान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन बुधवार को किया गया, इस कार्यक्रम में विज्ञान, पर्यावरण, भूगोल, वनस्पति विज्ञान, कृषि, औद्योगिक विज्ञान, स्वास्थ्य, जेनेटिक साइंस, अंतरिक्ष विज्ञान, घरेलू बिजली आदि विषयों पर छात्र-छात्राओं द्वारा लगभग 41 चलित मॉडल प्रस्तुत किए गए तथा 25 मॉडल पोस्टर के रूप में प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम में लगभग 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



### अर्थव्यवस्था, रिवर बेसिन ऊर्जा पर बनाएं मॉडल

वनस्पति विज्ञान योग्यता वर्मा, योगिता सिंह, परम पाठक, रामेश्वर पटेल के मार्गदर्शन में बोटैनिकल गार्डन का मॉडल तैयार किया गया, जिसमें पौधों की विशेष किस्मों एवं उनके उत्पादन की प्रक्रिया दर्शाई गई। भूगोल विभाग की अर्पण द्वारा रिवर बेसिन मॉडल तथा अवनीश साहू, टोमन मिश्रा, लक्ष्मीकांत साहू, सिमरन कंवर आदि द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा संसाधन पर मॉडल बनाया गया, जो रोहित लहरे सर के मार्गदर्शन में निर्मित था। वाणिज्य विभाग छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था तथा लाइफस्टाइल पर आधारित मॉडल, डॉ. यशस्वी मिश्रा के मार्गदर्शन में संघमित्रा एवं बीकॉम तृतीय वर्ष के छात्रों द्वारा तैयार किया गया, जिसमें ग्रामीण संस्कृति, खेती व सामाजिक ढांचे को दर्शाया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आयोजन में मुख्य अतिथि शहर के विधायक अमर अग्रवाल उपस्थित थे, साथ ही शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ. संजय दुबे, सदस्य अमन दुबे उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल ने कहा कि सीएमडी विज्ञान अनुसंधान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन करना एक सराहनीय पहल है। यह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस सपने को साकार करने की दिशा में कदम है, जिसमें वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना की गई है।

उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राएं स्टार्टअप एवं मेक इन इंडिया के माध्यम से रोजगार के नए अवसर उत्पन्न कर रहे हैं। छात्रों को केवल सरकारी नौकरी पर निर्भर न रहकर स्वयं ऐसा उद्योग स्थापित करना चाहिए जिससे अनेक लोगों को रोजगार मिल सके। उन्होंने बताया कि विश्व के कुल स्टार्टअप में लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा भारत का है। इसलिए छात्र-छात्राओं को शोध एवं अनुसंधान में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए तथा स्टार्टअप योजना में पंजीयन कर सहायता राशि प्राप्त की जा सकती है। शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ संजय दुबे ने कहा कि सीएमडी विज्ञान अनुसंधान मॉडल प्रदर्शनी के सफल आयोजन से महाविद्यालय गौरवान्वित है। विद्यार्थियों द्वारा तैयार आकर्षक एवं समसामयिक मॉडल उनकी प्रतिभा, सृजनशीलता व मेहनत को दर्शाते हैं। महाविद्यालय सदैव प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देता है और आगे भी ऐसे अवसर प्रदान करता रहेगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अंजली चतुर्वेदी प्राचार्य शिक्षा डॉ कमलेश शुक्ला, डॉ कमलेश जैन, हर्ष शर्मा, डॉ. एस. पावनी, डॉ. विभा सिंह, डॉ. विनीत नायर, डॉ. राजकुमार पांडा सहित प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।





### जिज्ञासा व नवाचार को दर्शाता

शासी निकाय के सदस्य अमन दुबे ने कहा कि छात्रों द्वारा बनाए गए पोस्टर, रंगोली एवं मॉडल उनकी जिज्ञासा और नवाचार क्षमता को दर्शाते हैं। उन्होंने बताया कि सी एम दुबे महाविद्यालय के पूर्व छात्रों द्वारा शुरू किए गए स्टार्टअप में आज 100 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं,जो महाविद्यालय की उपलब्धि है।

आयोजन

## पंजाबी स्थापना दिवस : विरासत से विकास तक की यात्रा का महापर्व



**बिलासपुर।** पंजाबी समाज और पंजाबियत को सहेज कर रखने वाली पंजाबी संस्था का स्थापना दिवस समारोह 28 दिसम्बर को मनाया जाएगा। संस्था की महिला शाखा, पंजाबी हिन्दू महिला संस्था के सहयोग से यह समारोह पंजाबी भवन, ईमलीपारा में आयोजित है। पंजाबी संस्था की विरासत से विकास तक की यात्रा" के इस महापर्व के मुख्य कार्यक्रम से पूर्व पूरे माह विभिन्न जनोपयोगी सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों का संचालन होगा, जिसमें स्वास्थ्य- सभी के लिए" की थीम के तहत रविवार को हेल्थ कैम्प आयोजित किया जाएगा। पंजाबी संस्था के अध्यक्ष अशोक ऋषि और पंजाबी हिन्दू महिला संस्था की अध्यक्ष योगिता दुआ ने बताया कि सामाजिक उत्थान के कार्यक्रम स्वास्थ्य-सभी के लिए" के तहत 7 दिसम्बर को पंजाबी भवन ईमलीपारा में मुफ्त हेल्थ कैंप आयोजित करने का निर्णय लिया है। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक होने वाले इस हेल्थ कैंप में सर्व-समाज के लिए बिना किसी खर्च के स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान की जाएगी।

कार्यक्रम

## दिव्यांग बच्चों ने बॉल थ्रो, मटका फोड़ एवं दौड़ में लिया हिस्सा



**बिलासपुर।** रोटरी क्लब ऑफ़ क्वींस ने विश्व दिव्यांगता दिवस" के उपलक्ष्य में रोटरी इंटरनेशनल के इस वर्ष के संदेश "यूनाइट फॉर गुड "के आधार पर समग्र शिक्षा विभाग के सहयोग से दिव्यांग बच्चों के खेलकूद प्रतियोगिता "स्पर्धा"का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि महापौर पूजा विधानी रही। विधायक ने बच्चों के हिम्मत और लगन के लिए उनकी प्रशंसा की। इस प्रतियोगिता में अस्थि बाधित, दृष्टि बाधित , श्रवण बाधित तथा बौद्धिक निःशक्तता वाले 100 बच्चों ने भाग लिया, ये बच्चे बिल्हा, तखतपुर, मस्तूरी और कोटा ब्लॉक से आए थे। कार्यक्रम का संचालन समग्र शिक्षा के एपीसी डॉ अखिलेश तिवारी ने किया। कार्यक्रम में रोट भारती सालुंके, वंदना सिंह, प्रियंका जीवनानी, रिंकी उपवेजा, रुचिका कौर, स्वाति श्रीवास्तव, रश्मि जैन, संगीता चोपड़ा, एकता वीरवानी, रचना सिंह, दीप्ति बंसल, सुनीता अग्रवाल, सृष्टि चौकसे, डॉ ऐश्वर्या जयसवाल, अमिता गोयल, रानू अग्रवाल, रिम्पी होरा का सहयोग रहा।

धर्म-क्षेत्र

## अटल विश्वविद्यालय में सामूहिक हनुमान पाठ व आरती



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय पुराना हाई कोर्ट परिसर स्थित श्री हनुमान मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं विधि-पूर्वक आरती का आयोजन किया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के सभी छात्र रायगढ़ के नवनियुक्त कुलसचिव डॉ तरुण धर दीवान, छात्रसंघ उपाध्यक्ष आलिंद तिवारी, सूरज सिंह राजपूत, आकांक्षा, यशवंत सिंह, चिन्मय, सारांश के साथ बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं शामिल रहे।

# दत्त जन्मोत्सव पर गुरु चरित्र का पाठ

राम मंदिर व गजानन महाराज मंदिर पारिजात कालोनी में दत्त जयंती के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय दत्त जन्मोत्सव का आयोजन किया गया है। इसमें प्रतिदिन गुरु चरित्र का पाठ किया जा रहा है। बहुत से भाविक अपने घरों में भी पाठ कर रहे हैं।

### राम मंदिर, गजानन मंदिर में दत्तात्रय जयंती की धूम





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उत्सव के पहले दिन मंगलवार को नागपुर से आईं शांभवी व प्रणिता लांबणे ने संयुक्त रूप से कीर्तन किया। दूसरे दिन बुधवार को गजानन महराज की कथा का वाचन किया गया। उन्होंने बताया कि ब्रम्ह गिरी महराज खुद को साधु समझते थे उनके इस अहंकार को गजानन महराज ने चमत्कार कर तोड़ा था। समापन पर गुरुवार को दत्त जन्मोत्सव मनाया जाएगा। बताया जाएगा कि दत्त प्रभु का जन्म कैसे हुआ। वहीं दत्त प्रभु पर आधारित भजन भी गाए जाएंगे।

### महाराष्ट्र मंडल रेल्वे में आज मनेगी

महाराष्ट्र मंडल रेल्वे में दत्त जन्मोत्सव 4 दिसंबर गुरुवार शाम को मनाई जाएगी। इस दौरान भगवान दत्तात्रेय का पूजन कर स्वर्ण चंपा फूल अर्पण किया जाएगा। निश्चित अध्याय संख्या का वाचन होगा। वाचन पश्चात आरती, नैवेद्य अर्पण कर करुणा त्रिपदी, जो कि तीन भजनों का समूह है, गाए जाएंगे। समाज के निलेश पिंपलापुरे ने बताया कि सनातन हिंदू पूजा पद्धति में सबसे प्रमुख स्थान तीन देवताओं का है। गुणों की दृष्टि से देखे तो ब्रह्मा सत्व गुण के अधिष्ठाता, विष्णु रजो गुण तथा भगवान शंकर तमो गुण के देवता हैं। ये तीनों मुख्य देवता अजन्मे, आदि अनंत है। इन तीनों देवताओं के तीनों गुणों का धारण करने वाले देवता का नाम दत्तात्रेय है, इसलिए दत्त महाराज त्रिगुणात्मक त्रिमूर्ति के नाम से भी जाने जाते है। वे किसी भी भक्त के स्मरण मात्र करने से ही उसके उद्धार के लिए तत्पर रहते है। उन्होंने बताया कि कलियुग में भगवान दत्तात्रेय के तीन अवतार प्रसिद्ध है। पहले श्रीपद श्रीवल्लभ स्वामी, दूसरे श्री नृसिंह सरस्वती महाराज तथा तीसरे श्री स्वामी समर्थ प्रमुख है।

## प्रथम राष्ट्रपति के जन्म दिवस पर जिला न्यायालय में मनाया अधिवक्ता दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला न्यायालय परिसर बिलासपुर में बुधवार को अधिवक्ता दिवस मनाया गया। यह दिवस 3 दिसंबर को भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। वे भारत के वरिष्ठ अधिवक्ता थे।

कार्यक्रम के आरंभ में अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष चन्द्रशेखर बाजपेयी ने सभी अधिवक्ताओं को अधिवक्ता दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि अधिवक्ता दिवस भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अधिवक्ता नारायण प्रसाद सोनी, मनोज सिंह ठाकुर, विनय दुबे, आशुतोष शर्मा, समपा सराफा, राहुल गोस्वामी, रजनीश तिवारी, अमित बाजपेयी, उमेश चन्द्र नायक, यथार्थ सिंह, शिल्पा जोशी, कविता आर्या, साक्षी सिंह, मीनाक्षी राठौर, जयलाल यादव, सज्जन तिवारी, राजेंद्र सोनी, रानी श्रीवास, देवेंद्र, अर्पित, चन्द्र पीयूष बाजपेई, दीप दुरू, आशीष दुबे, मनु कुमार मिश्रा, अधिवक्ता चन्द्र प्रदीप बाजपेयी सहित अन्य अधिवक्ता साथी उपस्थित थे।

# अटल विवि की कबड्डी महिला टीम सेमीफाइनल में

स्पोटर्स न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान में आयोजित किया जा रहा है, यह प्रतियोगिता 5 दिसंबर तक आयोजित है। इस प्रतियोगिता में कुल आठ पुरुष आठ महिला टीम भाग ले रही है, अटल बिहारी वा ज पे ई विश्वविद्यालय को पूल बी में रखा गया है, इसके अलावा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी पंजाब, मदर टैरेसा यूनिवर्सिटी कोडई कैनाल है। पहला मैच अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय विरुद्ध मदर टैरेसा यूनिवर्सिटी कोडई कैनाल जिसमें अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय विजई हुई, दूसरे मैच में एलएन मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा से अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय को हार का सामना करना पड़ा। तीसरा मैच लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय पंजाब से हुआ जिसमें अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय की जीत हुई और सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का किया। विजेता चंडीगढ़ विश्वविद्यालय चंडीगढ़ से अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर का सेमीफाइनल मैच खेला जाएगा। खेलो इंडिया खेलो यूनिवर्सिटी गेम्स में यह अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर का पहला मेडल होगा। इस उपलब्धि में टीम प्रबंधन डॉक्टर बसंत अंचल टीम प्रशिक्षण दिल कुमार राठौर महिला मैनेजर सविता लकड़ा एवं खिलाड़ी नूतन, रश्मि, संध्या, सिमरन, वंदना, किरण, संजना, पूजा, रूपल, अनु रुखसार सहित अन्य टीम में शामिल थे। सभी खिलाड़ियों ने टीम में अच्छा प्रदर्शन किया इस शानदार उपलब्धि के लिए,कुलपति आचार्य एडीएन वाजपेई, कुलसचिव डॉ तारनीश गौतम ने शुभकामनाएं दी।






## सेजेस लिंगियाडीह स्कूल की दो गाइड ने लिया नेशनल जम्बूरी में भाग

लखनऊ में नेशनल जम्बूरी का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यालय से दो गाइड अंजली सेन और पिंकी वर्मा ने हिस्सा लिया। इस 9 दिवसीय जम्बूरी का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एवं समापन राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मूद्वारा किया गया। इस जम्बूरी में तीस हजार स्काउट्स एवं गाइड्स ने भाग लिया। विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर छत्तीसगढ़ ने 16फ्लैग प्राप्त किए। विद्यालय की गाइडर सरला दुबे ने बताया कि इस जम्बूरी में भाग लेने का फायदा बच्चों को भविष्य में मिलेगा। सद्भावना,सद् आचरण, अनुशासन,सहयोग की भावना बच्चों में विकसित होगा। विद्यालय के प्राचार्य डॉ मिथिलेश मिश्रा ने बच्चों की इस सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि सदैव नेक काम और दूसरों की सहायता करते रहें।

## खबर संक्षेप

### 4 दिव्यांग समेत 17 निगम कर्मियों को मिला पदोन्नति का तोहफा



**बिलासपुर।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर 4 दिव्यांग कर्मचारियों समेत 17 कर्मियों को निगम प्रशासन ने बड़ा उपहार देते हुए पदोन्नत किया है। महापौर पूजा विधानी ने पदोन्नत हुए सभी कर्मियों को पदोन्नति के आदेश वितरित किए। इस अवसर पर महापौर श्रीमती विधानी ने कहा की जिस लगन और मेहनत के दम पर आप लोगों ने यह सफर तय किया है उसी मेहनत और लगन से आगे बढ़ें तथा निगम को ऊंचाई पर ले जाएं। उन्होंने कहा की आप सब निगम के परिवार हैं तथा परिवार को सुरक्षित और मजबूती प्रदान करना सभी सदस्यों की जिम्मेदारी है। निगम कमिश्नर अमित कुमार ने कहा की पदोन्नति से एक नई ऊर्जा का संचार होता है तथा कार्य को और भी बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है। सभी से भी यहीं उम्मीद है की अपने दायित्वों का निर्वहन नई ऊर्जा के साथ और भी बेहतर ढंग से करेंगे।

**इनका हुआ प्रमोशन-** जिन चार दिव्यांग कर्मियों का प्रमोशन हुआ इनमें मनोज कुमार खाण्डे भृत्य से सहायक राजस्व निरीक्षक, राकेश प्रसाद साहू भृत्य से सहायक राजस्व निरीक्षक, अमित कुमार कोरी भृत्य से सहायक राजस्व निरीक्षक और शाहनवाज हुसैन शेख क्लीनर से सहायक राजस्व निरीक्षक है। इसके अलावा अनिल सिंह राजस्व निरीक्षक से सहायक राजस्व अधिकारी, गोकुलानंद साहू सहायक ग्रेड 3 से सहायक ग्रेड 2, सत्यसांई मुदलियार सहायक ग्रेड 3 से सहायक ग्रेड 2,सगुन दिवाकर सहायक ग्रेड 3 से सहायक ग्रेड 2,राजेन्द्र कुमार सोनी सहायक ग्रेड 3 से सहायक ग्रेड 2,सरिता महोबिया सहायक ग्रेड 3 से सहायक ग्रेड 2, पवन भैय्या लाल स्वच्छता पर्यवेक्षक से स्वच्छता निरीक्षक, राजकुमार होरी लाल स्वच्छता पर्यवेक्षक से स्वच्छता निरीक्षक,जुगल किशोर करोसिया स्वच्छता पर्यवेक्षक से स्वच्छता निरीक्षक,धीरज गेडेकर स्वच्छता पर्यवेक्षक से स्वच्छता निरीक्षक, राजकमल पनिक स्वच्छता पर्यवेक्षक से स्वच्छता निरीक्षक,राजीव दुबे से स्वच्छता पर्यवेक्षक से स्वच्छता निरीक्षक, रामलाल विश्वकर्मा स्वच्छता पर्यवेक्षक से स्वच्छता निरीक्षक, शंकर यादव सहायक राजस्व निरीक्षक से राजस्व उप निरीक्षक,अकिला खान सहायक राजस्व निरीक्षक से राजस्व उप निरीक्षक, शिव प्रसाद आगरे सहायक राजस्व निरीक्षक से राजस्व उप निरीक्षक और भरत लाल साहू सहायक राजस्व निरीक्षक से राजस्व उप निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए हैं।

### सीयू के छात्र नेता तिवारी राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य मनोनीत



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का तीन दिवसीय 72वां राष्ट्रीय अधिवेशन 28 नवम्बर से 30 नवंबर तक देहरादून (उत्तराखंड) में आयोजित किया गया। इसमें गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर के छात्र नेता एवं पूर्व अध्यक्ष आराध्य तिवारी को छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति एनईसी का सदस्य मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन गुरु घासीदास विश्वविद्यालय तथा सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ इकाई के लिए गौरव का क्षण है। उनके सदस्य मनोनीत होने पर अभाविप जीजीयू के अध्यक्ष तुषा साहू, सचिव प्रसून पाठक सहित अन्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। आराध्य तिवारी ने कहा कि "यह मेरा सौभाग्य है कि मैं ऐसे संगठन का हिस्सा हूँ, जिसने एक साधारण विद्यार्थी रहे मुझ जैसे कार्यकर्ता को जमीन से उठाकर राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया।

### 200 से अधिक दिव्यांगजन सम्मानित 42 को मिले सहायक उपकरण



**बिलासपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय तिफरा में आज दिव्यांगजनों के सम्मान एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में महापौर पूजा विधानी, एडीएम शिवकुमार बनर्जी, समाज कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक टीपी भावे सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में 200 से भी अधिक दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र एवं मैडल वितरित किए गए। इस अवसर पर कुल 42 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि बिल्हा विधायक श्री कौशिक ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है। महापौर पूजा विधानी ने कहा कि दिव्यांगजन किसी से कम नहीं है। कार्यक्रम में संयुक्त संचालक टी.पी. भावे, बबिता कमलेश, प्रशांत मोकासे, लीलाधर नांगे, उत्तमराव माथनकर, सरस्वती रामेश्वरी, राजकुमारी सोनी, सरस्वती जायसवाल, हर्ष पान्डेय, रमेश अग्रवाल, डॉ. दुबे,मनजीत अरोरा, प्रदीप शर्मा, संजय खुराना, सुश्री आकांक्षा साह, सौरभ दीवान, दीक्षांत पटेल, अनीश मानिकपुरी शिवानी विडालकर, आर.जे. सिंह, ज्योती तिवारी, सुश्री शोभना शुक्ला, कांती दुबे, अजंली चावडा, अनुप पाण्डेय आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस कमेटी ने मनाई स्व. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती

**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी (शहर/ग्रामीण द्वारा 3 दिसम्बर को कांग्रेस भवन में प्रथम राष्ट्रपति, भारत रत्न स्व. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर जिला ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री, संयोजक ज़फ़र अली, हरीश तिवारी ने कहा कि डॉ राजेन्द्र प्रसाद महात्मा गांधी से प्रभावित होकर सक्रिय रूप से स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े । वे देश के दो बार राष्ट्रपति बने। उन्हें भारतरत्न दिया गया । कार्यक्रम में विनोद शर्मा,माधव ओत्तालवार, त्रिभुवन कश्यप, विनोद साहू,ओम कश्यप,राजेश शर्मा, देवदत्त शर्मा,सुभाष ठाकुर,सावित्री सोनी, राजेश ताम्रकार,राजीव साहू,मनोज सिंह,हेरि डेनिएल,हेमन्त दिघरस्कर,बद्री यादव दीपक रायचेलवार,शांत सिंह ठाकुर,टिक्कू ऋषि सिंह,संतोष ध्रुव,रवि बोले,कुश बोले आदि मौजूद थे।

**बिलासपुर बनाया गया प्रयोगशाला** | एसईसीआर के झारसुगुड़ा से नागपुर के बीच तीसरी व चौथी लाइन के अलावा आटो सिग्नलिंग कार्य

# 1654 करोड़ की लागत से किया जा रहा 614 रूट किमी पर कवच का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीआर के झारसुगुड़ा से नागपुर के बीच तीसरी व चौथी लाइन के अलावा आटो सिग्नलिंग के साथ अब 1654 करोड़ रुपए की लागत से 614 रूट किलोमीटर पर कवच का कार्य शुरु कर दिया गया है, जिससे ट्रेन दुर्घटनाओं और ओवरशूट में कमी आने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

रेलवे बोर्ड ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लिए बड़े पैमाने पर कवच कार्य स्वीकृत किए हैं, जिसमें स्टेशन कवच, लोको कवच, टॉवर ओएफसी नेटवर्क तथा अन्य संबंधित अवसंरचना शामिल हैं। करीब 1654 करोड़ रुपए की लागत से इस कार्य को संचालित किए जा रहे हैं। वर्तमान में नागपुर से झारसुगुड़ा सेक्शन पर 614 रूट किलोमीटर में कवच का कार्य प्रगति पर है। आगामी वित्तीय वर्ष में नागपुर से गोंदिया सेक्शन पर 135 रूट किलोमीटर में कवच रोल आउट का लक्ष्य निर्धारित करने के साथ ही कई शाखा लाइन पर भी कवच स्थापना का कार्य जारी है। इन सभी कार्यों के लिए बिलासपुर में बहुविभागीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान में कवच प्रयोगशाला बनाया गया है। यह प्रयोगशाला स्वदेशी आटोमैटक ट्रेन प्रोटेक्शन प्रणाली कवच के प्रशिक्षण को सुदृढ़ करने तथा कर्मचारियों को वास्तविक परिस्थितियों में संरक्षा संबंधी प्रक्रियाओं की समझ विकसित करने हेतु स्थापित की गई है। इसका शुभारंभ बुधवार की दोपहर एसईसीआर जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने किया। इस अवसर पर मुख्य कार्मिक अधिकारी आदित्य कुमार, प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर गोवर्धन प्रसाद खूंटे, मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल, मुख्यालय एवं मंडल के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।



### आटोमैटिक संरक्षा प्रणाली है कवच

अफसरों के अनुसार कवच रेलवे की स्वदेशी विकसित आटोमैटिक ट्रेन संरक्षा प्रणाली है, जिसका उद्देश्य ट्रेन संचालन को अत्यधिक सुरक्षित एवं त्रुटिरहित बनाना है। यह प्रणाली सिग्नल पासिंग एट डेंजर एसपीएडी को रोकती है। निर्धारित गति से अधिक होने पर स्वतः ब्रेकिंग सुनिश्चित करती है। दो ट्रेनों के बीच सुरक्षित दूरी बनाए रखने तथा हेड ऑन और रियर एंड टक्कर की संभावना को न्यूनतम करती है। इन कैब सिग्नल डिस्प्ले, मूवमेंट अथॉरिटी की निगरानी और सतत गति नियंत्रण जैसी विशेषताएं इसे अत्याधुनिक बनाती है।

#### प्रयोगशाला की विशेषताएं

नवस्थापित कवच प्रयोगशाला में उच्च क्षमता वाले सिमुलेटर के माध्यम से लोको पायलट, स्टेशन मास्टर, ट्रेन मैनेजर, सिग्नल एवं दूरसंचार कर्मियों को वास्तविक ट्रेन संचालन की विभिन्न परिस्थितियों में एसपीडीए यानि सिग्नल पासिंग एट डेंजर परिदृश्य, ओवरस्पीड स्थिति, आपातकालीन ब्रेकिंग, ट्रेन टू ट्रेन टक्कर रोकथाम का जीवंत प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह सुविधा कर्मचारियों को कवच से जुड़े वास्तविक सिस्टम, उसकी कार्यप्रणाली और परिचालन आवश्यकताओं को समझने में अत्यंत सहायक होगी, जिससे संपूर्ण नेटवर्क पर कवच की तैनाती और उपयोग और भी प्रभावी होगा।

### अमीन की भर्ती परीक्षा 7 को, व्यापमं ने जारी किया ड्रेस कोड

# परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पूर्व सेंटर का मुख्य द्वार बंद होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ दोपहर 12 बजे से होगी परीक्षा, जिले में 38 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी 126 केन्द्रों में देंगे परीक्षा

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, (व्यापम) द्वारा 7 दिसंबर को बिलासपुर सहित प्रदेश के 16 जिलों में जल संसाधन विभाग के अंतर्गत अमीन (WRDA-25) भर्ती परीक्षा आयोजित की गई है। पूरे प्रदेश में 2.30 लाख से ज्यादा परीक्षार्थी इसमें शामिल होने के लिए आवेदन किया है। अकेले बिलासपुर में 38 हजार से ज्यादा उम्मीदवारों ने परीक्षा केन्द्र के रूप में बिलासपुर को चुना है। इसके लिए जिले में 126 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। व्यापम के निर्देश पर जिला प्रशासन ने इस परीक्षा के निष्पक्ष और पारदर्शी पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए परीक्षार्थियों के लिए दिशा निर्देश जारी किया है।



व्यापम द्वारा जारी निर्देश के अनुसार परीक्षार्थी परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लें, ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फिस्किंग एवं फोटो युक्त पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके ।

#### दोपहर 12 बजे से परीक्षा शुरू होगी

जारी दिशा निर्देशों के अनुसार परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। यह परीक्षा दोपहर 12 बजे प्रारंभ होगी है। मुख्य द्वार सुबह 11.30 बजे बंद कर दिया जाएगा। इसलिए समय का विशेष ध्यान रखें। हल्के रंग के आधी बाही वाले कपडे पहनकर आना है। काले, गहरे, नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपडे पहनना वर्जित होगा। केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति है। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतारकर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना होगा। स्वेटर हेतु हल्के रंग एवं आधे बांह का बंधन नहीं होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यार्थीयों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा। उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। फुटवियर के रूप में चप्पल पहने। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घडी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना मना है। परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में केवल काले या नीले बॉल पेन का उपयोग कर सकते हैं।

### ग्राहक मिलन कार्यक्रम में डाक विभाग ने दी योजनाओं की जानकारी



**बिलासपुर।** भारतीय डाक विभाग अपने ग्राहकों के प्रति अपनी सेवा को लेकर पूर्ण रूप से अपनी निष्ठा, ईमानदारी एवं प्रतिबद्धता के साथ ही अपनी सेवाओं में विस्तार,सुधार एवं कमियों को जानने प्रतिबद्ध है। इसी तारतम्य में बिलासपुर डाक संभाग द्वारा 3 दिसंबर को संभागीय कार्यालय में 'ग्राहक मिलन कार्यक्रम' का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता बिलासपुर डाक संभाग के अधीक्षक विनय कुमार प्रसाद ने की। कार्यक्रम में वुडन आर्ट, शू शॉप, साड़ी कलेक्शन, बुक डिपो सहित जिले की कई प्रमुख व्यवसायी शामिल हुए। ग्राहक मिलन का उद्देश्य ग्राहकों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं, सुझावों और व्यावसायिक जरूरतों को समझना था। प्रतिभागियों ने विभाग की सेवाओं के साथ अपने अनुभव साझा किए और भविष्य में सहयोग बढ़ाने पर सकारात्मक चर्चा की। भारतीय डाक विभाग के अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय उद्योगों, स्टार्टअप्स और व्यापारियों को लाभ पहुंचाने के लिए विभाग कई महत्वपूर्ण सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। इसमें स्पीड पोस्ट एवं पार्सल सेवा से त्वरित और सुरक्षित डिलीवरी, डोरस्टेप पिकअप सुविधा, जिससे व्यवसायियों को डाकघर नहीं जाना पड़ता। बुक नाउ, पे लेटर सुविधा, जिसमें व्यावसायिक ग्राहक बाद में भुगतान कर सकते हैं। एडवांस कस्टमर सेवा, बड़े उपभोक्ताओं के लिए प्राथमिकता आधारित सुविधा, पार्सल पैकेजिंग सुविधा, जो मानक अनुसार सुरक्षित पैकिंग उपलब्ध कराती है।

# छग में सीवीआरयू कला, संस्कृति का संरक्षण, संवर्धन के लिए कार्य करेगा

**बिलासपुर ।** डॉ. सी वी रमन विश्वविद्यालय अब पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति साहित्य, लोक साहित्य, लोक कौशल और लोक विधाओं को संरक्षण के लिए कार्य करेगा। इसके लिए इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चर हेरिटेज दिल्ली ने डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय को अपना सदस्य बनाया है। इसके अनुसार अब जिम्मेदारी विश्वविद्यालय को दी गई है कि वह प्रदेश में कला, संस्कृति, साहित्य, कौशल के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में कार्य करें।



डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय में छत्तीसगढ़ कला, संस्कृति, साहित्य लोक कौशल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए छत्तीसगढ़ी लोककला एवं संस्कृति केंद्र छत्तीसगढ़ी शोध एवं सृजन पीठ की स्थापना की गई है। विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि भारत की सांस्कृतिक और कलात्मक विरासत विश्व में अद्वितीय मानी जाती है। इसकी विशालता, विविधता और ऐतिहासिकता इसे एक ऐसे देश के रूप में स्थापित करती है, जहां हर युग, हर समाज और हर शासन की छाप आज भी स्पष्ट दिखाई देती है। इस अमूल्य विरासत को सुरक्षित रखने के लिए वर्ष 1984 में एक महत्वपूर्ण संगठन की स्थापना हुई, जिसका नाम है इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज, जिसे संक्षेप में इंटेक कहा जाता है। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है। इंटेक का उद्देश्य भारत की कला, संस्कृति, विरासत और पर्यावरण से जुड़ी संपदाओं का संरक्षण, संवर्धन और पुनर्जीवन करना है।

#### इंटेक का लुप्त होती कला शैलियों को पुनर्जीवित करने में बड़ा योगदान

कुल सचिव डॉ तिवारी ने बताय कि इंटेक की गतिविधियों का दायरा बहुत विस्तृत है। यह न केवल ऐतिहासिक भवनों, किलों, मंदिरों और पुरातात्विक स्थलों के संरक्षण में योगदान देता है, बल्कि प्राकृतिक धरोहर जैसे नदियाँ, झीलें, उद्यान और वन क्षेत्रों को भी संरक्षित करने का प्रयास करता है। यह पारंपरिक कला और हस्तशिल्पों को बचाने, पुनर्जीवित करने और शिल्पकारों को प्रशिक्षण प्रदान करने का भी महत्वपूर्ण कार्य करता है। इस संगठन ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में लुप्त होती कला शैलियों को पुनर्जीवित करने में बड़ा योगदान दिया है। यह संग्रहालयों की स्थापना और प्रबंधन में भी सहयोग देता है । उनके संकलन की वैज्ञानिक संरचना सुनिश्चित करता है। इस आशय का पत्र दिल्ली मुख्यालय से विश्वविद्यालय पहुंचा है। विश्वविद्यालय अपनी स्थापना के समय से ही छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, साहित्य , लोक कला, लोक कौशल ,जीवन शैली के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में काम कर रहा है।

### छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष खान ने ली बैठक



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मखमूर इक़बाल खान के प्रथम आगमन पर चुचुहियापारा गणेश नगर में बैठक रखी गई। जिसमे उन्होंने मुस्लिम समाज के लोगो से मुलाकात कर भाजपा के योजनाओं पर चर्चा की। भाजपा की अनेकों योजनाओ को समाज के सामने रख कर समाज से अपनी राय बटोरी और समाज के लिए और क्या बेहतर हों सके इसकी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इसमें सैय्यद सैफुद्दीन, अमिक खान, हाजी गुलाम उर्फ़ मिट्ठू, अजीम मौलाना, सलीम खान, साजिद पिंकू, अडानी तौसीफ़ खान, तसलीम खान, आदिल खान, हाजी याक़ूब, इनाम खान, इरफ़ान खान, फ़रिज़ मिर्जा, डॉक्टर संतोष, हनीफ खान, फ़ज़लि कुरैशी टीपू खान एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुंगेली जिला प्रभारी शाहिद रज़ा सहित कार्यकर्ता शामिल रहे।

### डिजिटाइजेशन का काम करने वाले कर्मचारियों को किया सम्मानित

**बिलासपुर।** कलेक्टर ने मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण कार्य में अपने अधिकार क्षेत्र के मतदान केंद्रों में शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन का काम समय से पहले करने पर अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया। इनमें बिल्हा एवं बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के तहसीलदार और सुपरवाइजर शामिल हैं। उन्होंने आज फिर 15 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सुपरवाइजरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार आज सम्मानित होने वालों में विधानसभा क्षेत्र बिल्हा के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (तहसीलदार) राजेन्द्र भारत, सुपरवाइजर अविनाश टण्डन, सुपरवाइजर मनोज साहू, सुपरवाइजर सूरज प्रधान, सुपरवाइजर अशोक भारद्वाज एवं सुपरवाइजर एमएल कोरी शामिल है।

**विधायक कौशिक ने दिखाई हरी झंडी**

### श्री रामलला का दर्शन के लिए जिले के 225 श्रद्धालु अयोध्या रवाना



**बिलासपुर।** श्री रामलला दर्शन योजना के तहत आज आस्था स्पेशल ट्रेन बिलासपुर संभाग के 850 श्रद्धालु को लेकर अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई। इस विशेष ट्रेन को बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर महापौर पूजा विधानी, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पांडे, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल मौजूद रहे। बिलासपुर रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम यात्रा के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं का स्टेशन में भव्य स्वागत किया गया। गाजे बाजे और पारंपरिक नृत्य और तिलक लगाकर भक्तों का स्वागत किया गया। ये श्रद्धालु काशी विश्वनाथ का भी दर्शन करेंगे। दर्शन के लिए जा रहे इन श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि श्री राम लला के दर्शन करना उनका सौभाग्य है। यह मुख्यमंत्री श्री साय की पहला का ही परिणाम है जो उन जैसे गरीब परिवारों को ये अवसर मिला है। अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई इस विशेष ट्रेन में बिलासपुर जिले के 225 यात्री भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या जाने, ठहरने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी पूरी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा। इसी तरह कोरबा जिले के आदिवासी बहुल गांव की धनकुंवर और शुकवारा बाई ने कहा कि कहा कि ये पहला अवसर है जब वे अपने गांव से बाहर किसी ऐसी यात्रा पर निकली हैं, और बेहद खुश और उत्साहित हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन व छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड, रेलवे के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

**आईजी शुक्ला ने रेंज अफसरों को दिए निर्देश**

# 31 तक लंबित अपराध, मर्ग प्रकरण, लंबित विभागीय जॉच का निराकरण करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आईजी डा. संजीव शुक्ला ने 3 दिसंबर को बिलासपुर रेंज के पुलिस अधीक्षकों की अपराध समीक्षा बैठक ली। जिसमें वर्ष 2023, 2024 तथा 2025 के आापराधिक आंकड़ों की समीक्षा तथा जिलों में बेसिक पुलिसिंग के साथ साथ नवीन कानून के अंतर्गत आने वाले विभिन्न पोर्टल, ई-साक्ष्य, ई-संमस नेटग्रिड, क्राईमेक, समन्वय पोर्टल, आई.ओ. मितान, एनसीसीआरपी पोर्टल इत्यादि पर जिलों द्वारा की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की गई।



बैठक में चर्चा करते पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला।

उन्होंने महिलाओं और बच्चों से संबंधित मामलों में तत्काल संज्ञान लेकर विधिसम्मत कार्रवाई करने के साथ-साथ अन्य गंभीर प्रकृति के प्रकरणों की सतत विवेचना करते हुए यथाशीघ्र विधिसम्मत निराकरण करने तथा 31 दिसम्बर की समाप्ति के पूर्व लंबित अपराध, मर्ग प्रकरण तथा चालान, लंबित शिकायत, लंबित विभागीय जॉच के निराकरण करने निर्देशित किया। सड़क दुघटनाओं में कमी लाने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने कहा। पशु तस्करी, आबकारी अधिनियम और एनडीपीएस के प्रकरणों में जब्त वाहनों को राजसात कराने कहा। संपत्ति संबंधी अपराधों में की गई रिपोर्ट पर त्वरित अपराध पंजीयन कर उसका निराकरण करने तथा अपहत संपत्ति की शत-प्रतिशत बरामदगी करने के निर्देश दिए। जिलों में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के साथ-साथ बाउण्ड ओव्हर कराने तथा पिछली कार्रवाई के सापेक्ष आने वाले समय में इनमें वृद्धि का लक्ष्य निर्धारित कर कार्रवाई करने कहा। जुआ-सट्टा जैसे सामाजिक अपराध पर पूर्णतः अंकुश लाने, अवैध शराब की डिमाण्ड एवं सप्लाई पर निगाह रखते हुए अवैध शराब की बिक्री प्रतिबंधित करने निर्देशित किया गया। जब्त मादक पदार्थो का नष्टीकरण 31 दिसम्बर 2025 के पूर्व नियमानुसार करने निर्देशित किया गया। जिले में चरित्र सत्यापन एवं पासपोर्ट लंबित प्रकरणों का निराकरण वर्ष समाप्ति के पूर्व करने निर्देशित किया गया। बैठक में एसएसपी रजनेश सिंह, एसपी रायगढ़ दिव्यांग पटेल, एसपी कोरबा सिद्धार्थ तिवारी, एसपी सारंगढ़-बिलाईगढ़ अंजनेय वार्ष्णेय, एसपी गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही सुरजन राम भगत, एसपी सक्ती प्रफुल्ल ठाकुर, उमेश कश्यप, सुश्री नवनीत कौर छाबड़ा, मधुलिका सिंह आदि मौजूद थीं।

### समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना से किसान आर्थिक समृद्धि की ओर

**बिलासपुर।** राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से जिले के किसानों को राहत मिल रही है। इससे न केवल उनके खेती-किसानी के रकबे में वृद्धि हो रही है, बल्कि अनेक कल्याणकारी योजनाओं से उनके जीवन के सपने पूरे हो रहे हैं। मस्तूरी ब्लॉक के जयरामनगर के किसान नरोत्तम लाल ने धान उपार्जन केंद्र में 38 क्विंटल धान बेचा। वे 4 एकड़ में खेती करते हैं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से किसानों को आर्थिक संबल मिल रहा है और वे समृद्धि की ओर बढ़ रहे हैं। किसान हितैषी योजनाओं के उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया। जयराम नगर धान खरीदी केंद्र में पहुंचे किसान नरोत्तमलाल ने बताया कि टोकन तुहर हाथ एप से उन्होंने टोकन कटवाया है और आसानी से उनका टोकन कट गया, कोई समस्या नहीं आई।

**खबर संक्षेप**

## दीक्षांत समारोह में मिलेगा डा. पालेश्वर प्रसाद शर्मा स्वर्ण पदक



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्व विद्यालय बिलासपुर का छठवां दीक्षांत समारोह 4 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में एम.ए. (हिंदी साहित्य) में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को भाषाविद् एवं प्रख्यात साहित्यकार डॉ. पालेश्वर प्रसाद शर्मा की पावन स्मृति में स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा।

## जोनल स्टेशन में गूंजी बच्चे की किलकारी

**बिलासपुर।** बुधवार की दोपहर जोनल रेलवे स्टेशन में कामर्शियल विभाग के सहयोग से तत्काल एक गर्भवती महिला का उपचार कराया गया, जिसने उपचार के दौरान एक बच्चे को जन्म दिया। अकलतरा से बिलासपुर स्टेशन पर एक 22 वर्षीय महिला पहुंची। स्टेशन परिसर स्थित सुलभ शौचालय के सामने महिला को अचानक लेबर पेन की स्थिति उत्पन्न हो गई। डॉक्टरों की टीम ने सुरक्षित प्रसव कराते हुए महिला व नवजात दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की। प्रसव के बाद दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया। इसके बाद महिला एवं शिशु को आगे बेहतर चिकित्सा देखभाल के लिए महतारी योजना एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया गया, जहां महिला और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं समय पर सहायता प्रदान करना रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## गल्ला से सवा लाख रुपए नकद चोरी

**बिलासपुर।** एक बार फिर चोरों ने फार्मेसी स्टोर का शटर अटासकर गल्ले से 1 लाख 20 हजार रुपए नकद चोरी कर लिया। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, सावित्री प्लाजा लिंक रोड स्थित विहार लाईफ केयर फार्मेसी स्टोर के अकाउंट मैनेजर अरूण कुमार पिता ज्वाला प्रसाद ने रिपोर्ट लिखाई। उनका तिफरा में ब्रांच संचालित है। 30 नवंबर की रात कर्मचारी स्टोर बंद कर घर चले गए थे। देर रात चोर दुकान का शटर अटासकर अंदर घुस गए और गल्ले का लाक तोड़कर उसमें रखे 1 लाख 20 हजार रुपए नकद चोरी कर भाग गए। 1 दिसंबर को कर्मचारी दुकान खोलने गए तो चोरी की जानकारी हुई। सूचना पर पुलिस दुकान का मुआयना करने के बाद लौट गई।

**नगर पंचायत कोटा का मामला**

**कोटा विधायक द्वारा अगस्त माह में स्वीकृत किए गए थे कार्य**

# विधायक निधि से स्वीकृत कार्यों का ऐसा हाल, मंजूरी के पांच माह बाद भी इस्टीमेट अप्राप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विधायक निधि से स्वीकृत जनहित से संबंधित कई निर्माण कार्यों को अगस्त माह में स्वीकृति दी गई थी। आज पांच महीने बाद भी नगर पंचायत कोटा द्वारा इस्टीमेट तक प्रस्तुत नहीं किया जा सका है। विधायक निधि से संबंधित कार्यों में ऐसी लेटलतीफी हो रही है, तो शेष मदों में स्वीकृत कार्यों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।





अलग खबर

कोटा विधानसभा अंतर्गत कोटा शहर के विभिन्न वार्डों के लिए विधायक अटल श्रीवास्तव द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष में जनहित से संबंधित विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इसके अंतर्गत सामुदायिक भवन, शेड निर्माण, सांस्कृतिक मंच, स्कूलों में अहाता, सहित 42 लाख रूपए की लागत से आठ कार्यों को स्वीकृति दी गई थी। उक्त स्वीकृति अगस्त महीने में दी गई थी, लेकिन नगर पंचायत कोटा द्वारा आज दिसंबर महीने तक भी उक्त कार्यों का इस्टीमेट जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग को प्रस्तुत नहीं किया गया है। इस्टीमेट के अभाव में आगे की पूरी प्रक्रिया ही रूकी है, जबकि इस वित्तीय के अब केवल चार माह ही शेष रह गए हैं।

जिला योजना एवं सांख्यकीय विभाग के अधिकारियों द्वारा अपने स्तर पर इस्टीमेट प्राप्त करने के लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं, लेकिन अब इस संबंध में विधायक एवं कलेक्टर से चर्चा कर वस्तुस्थिति से अवगत कराने की बात कही जा रही है।

### बीते वर्ष स्वीकृत सारे कार्य अप्रारंभ

नगर पंचायत कोटा केवल इस्टीमेट भेजने के मामले में ही लेटलतीफ नहीं है। कार्य को समय पर पूर्ण करने के मामले में भी यहां की चाल सुस्त है। विधायक निधि से ही यहां बीते वित्तीय वर्ष के लिए 23 लाख 50 हजार रूपए के कार्य स्वीकृत किए गए थे, जो आज दिनांक तक अप्रारंभ हैं। विलंब का कारण पूछा जाए तो सारे जिम्मेदार एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ते नजर आते हैं।

### विधायक को देंगे जानकारी

विधायक एवं कलेक्टर को वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया जाएगा, ताकि स्वीकृत कार्यों का जल्द से जल्द इस्टीमेट प्राप्त कर निर्माण प्रारंभ कराया जा सके।

**-एनके नेताम,** उपसंचालक, जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग

### इंजीनियर अवकाश पर थे

इंजीनियर के अवकाश पर चले जाने के कारण इस्टीमेट भेजने में विलंब हुआ है। कुछ इस्टीमेट तैयार हो चुके हैं। कुछ शेष हैं, जिन्हें जल्द ही भेज दिया जाएगा।

**-राहुल कुमार यादव,** सीएमओ, नगर पंचायत कोटा

**पुल के ऊपर आवागमन हुआ मुश्किल**

# चौबीस घंटे आवाजाही वाले तोरवा पुल की सड़क बेहद जर्जर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

> चौबीसों घंटे हल्के व भारी चारपहिया वाहनों की आवाजाही वाले तोरवा पुल की सड़क बेहद जर्जर हो चुकी है। पुल पर इतने बड़े-बड़े गड्ढे हैं कि इनसे बचाव के लिए दाएं-बाएं मुड़ने के चक्कर में पीछे व सामने से आ रहे वाहनों से कब टक्कर हो जाए इसकी गारंटी नहीं है।

राजकिशोर नगर, सीपत व कोरबा आवागमन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले तोरवा पुल की सड़क जर्जरता की हद पार कर चुकी है।

पुल के ऊपर दिन भर मवेशियों के जमाव से पहले से ही परेशान शहरवासी आवागमन के दौरान सामने की ओर कम व गड्ढे व मवेशियों से बचाव के लिए नीचे की ओर ही देखते रहते हैं। हाल ही में छठ पूजा के दौरान पुल पर दोनों ओर से शहरवासियों का बड़ी संख्या में आना-जाना हुआ था। उस दौरान यह उम्मीद की जा रही थी कि पुल की सड़क में सुधार कर लिया जाएगा। जबकि ऐसा कुछ नहीं हुआ। पुल अब भी अपनी जर्जर सड़क के साथ खड़ा है।



तोरवा पुल सड़क पर जगह-जगह बन गए गड्ढे। दुर्घटना को दे रहा आमंत्रण।



### मरम्मत करवाई जाएगी

तोरवा पुल वैसे तो सेतु डिवीजन का विषय है, लेकिन जनहित को ध्यान में रखकर उधर काम चलने के दौरान पुल की सड़क की मरम्मत करवा दी जाएगी।

**-सीएस विंध्यराज**
ईई पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1

## परीक्षा तिथि बढ़ाने छात्रों ने किया प्रदर्शन



**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी के यूटीडी के छात्र-छात्राओं का कोर्स पूरा नहीं हुआ है और अधूरे पाठयक्रम में सेमेस्टर परीक्षा दिलाने छात्र तैयार नहीं है। इसलिए सेमेस्टर परीक्षा जनवरी माह में आयोजित किए जाने और यूनिवर्सिटी के खेल मैदान के विकास की मांग को लेकर यूटीडी के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को प्रदर्शन किया।

अटल यूनिवर्सिटी के यूटीडी के छात्र-छात्राओं का कहना है कि उनका पाठयक्रम अधूरा है और आंतरिक मूल्यांकन को दृष्टिगत रखते हुए यूटीडी की सेमेस्टर परीक्षा जनवरी माह में आयोजित किया जाना चाहिए। इसी तरह यूनिवर्सिटी कैंपस में खेल मैदान का समतलीकरण और आवश्यक खेल सुविधाओं का विकास करना चाहिए तथा वार्षिक खेलकूद गतिविधियों का आयोजन करना चाहिए। इन विषयों को लेकर यूटीडी के छात्रों ने आज यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन किया। छात्रों ने नारेबाजी करते हुए यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन किया, उसके बाद छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. प्रमोद तिवारी के माध्यम से यूनिवर्सिटी प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर नीरज यादव, लक्की साहू, सौरभ दुबे, आयुष खांडेकर, चिन्मय राहा, सारांश सिंह, निशु, रोहन, प्रगति, गौरव, मनीष, नीतिश, जुनैद, दामिनी आदि छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 एजेंसी देना है
आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि की कोटा (करगीरोड) में एजेंसी देना है। इच्छुक व्यक्ति रक्षाधन (डिपॉजिट राशि) के साथ संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय
रिंगरोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 7000789166, 9303508236

## ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होगा 8 से 13 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चौथी लाइन को कनेक्ट किए जाने के कारण कुछ ट्रेनों का परिचालन रोकने के साथ कुछ को डायवर्ट व देर से रवाना करने का निर्णय लिया गया है।

हावड़ा-मुम्बई मुख्य लाइन पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर डिवीजन के बिलासपुर-झारसुगुडा सेक्शन में चौथी लाइन का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत चांपा से खरसिया सेक्शन के बाराद्वार स्टेशन में चौथी लाइन कनेक्टिविटी



करने प्री नान इंटरलाकिंग और नॉन इंटरलाकिंग कार्य किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरूप कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इसमें 9 से 13 दिसम्बर तक 68738/68737 बिलासपुर से रायगढ़ और रायगढ़ से बिलासपुर के बीच चलने वाली मेमू पैसेंजर और 8 से 12 दिसम्बर तक 68736 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द की जाएगी। वहीं 9 से 13 दिसम्बर तक 68735 रायगढ़-बिलासपुर रद्द रहेगी। इन रद्द ट्रेनों के अलावा 9 से 13 दिसम्बर तक गोंदिया से चलने वाली 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन में समाप्त होगी और बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच रद्द रहेगी। इसी तरह 9 से 13 दिसम्बर तक झारसुगुड़ा से चलने वाली 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर को बिलासपुर स्टेशन से प्रारंभ करते हुए गोंदिया के लिए रवाना की जाएगी।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152




## धर्मपरिवर्तन का प्रयास महिला सहित 3 गिरफ्तार



प्रार्थना सभा में चर्चा करते समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक मकान में प्रार्थना सभा आयोजित कर प्रलोभन देकर धर्मपरिवर्तन की कोशिश कराने को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा मचाया। पुलिस ने इस मामले में महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

3 दिसंबर को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली कि पचपेड़ी थाना क्षेत्र के चिल्हाटी अटल आवास निवासी अनित नायक पिता नरोत्तम नायक के घर में एक समाज के प्रमुख लोगों द्वारा बड़ी संख्या में लोगों को एकत्रित कर प्रार्थना सभा आयोजित कर लालच व अनेक प्रकार के प्रलोभन देकर धर्मपरिवर्तन कराने की कोशिश की जा रही है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर धर्मपरिवर्तन का विरोध किया तो उक्त समाज के लोग सामने आ गए और उनके बीच विवाद होने लगा। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा मचाना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राज सिंह स्टाफ के साथ मौके पर पहुंच गए, उन्होंने लोगों को समझाइश देने की कोशिश की, किन्तु बजरंग दल के कार्यकर्ता धर्मपरिवर्तन कराने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग करने लगे। वहीं दूसरे समाज के लोग जबरिया कार्रवाई कराने का आरोप लगाने लगे।

दोनों पक्ष थाने में जाकर भी हंगामा मचाने लगे। पुलिस ने बजरंग दल के कार्यकर्ता जोंधरा निवासी नारायण पटेल की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 299, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर धर्म परिवर्तन की कोशिश करने वाले अनिता नायक पिता नरौत्तम नायक 32 साल चिल्हाटी पचपेड़ी, अम्बद देवदास पिता अम्बद इजराइल 52 साल बलौदाबाजार, जे प्रभाकर राव पिता चिनाईया 38 साल बलौदाबाजार निवासी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

